गंगा मैया का यश | By Nikunj Prem

ॐ गंगाय नमः .....
ॐ गंगाय नमः .....

पाप हरे कल्याण करे लगता भक्तों का मेला
इस तरह से गंगा मैया का यश सारे जग में फैला
हर हर गंगे, हर हर गंगे
हर हर गंगे, हर हर गंगे

भागीरथ लेकर आये माँ शिव ने जटा में लेली
गौ मुख से हरिद्वार आई प्रयागराज तक फैली
पाप ताप संताप धोये ये काम है माँ का पहला
इस तरह से गंगा मैया का यश सारे जग में फैला
हर हर गंगे, हर हर गंगे
हर हर गंगे, हर हर गंगे

पावन जल माँ गंगा का है मानो अमृत जैसा
सदा पवित्र ही रहता है चाहे रख लो इसे हमेशा
करने को स्नान आये तट पे भक्तों का रेला
इस तरह से गंगा मैया का यश सारे जग में फैला
हर हर गंगे, हर हर गंगे
हर हर गंगे, हर हर गंगे

कहता मुन्नाबाज़ सफलता की है बस ये युक्ति
जो भी इसमें स्नान करे पा जाता है वो मुक्ति
कोई आये परिवार सहित कोई आये भक्त अकेला
इस तरह से गंगा मैया का यश सारे जग में फैला
हर हर गंगे, हर हर गंगे
हर हर गंगे, हर हर गंगे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a4%82%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%88%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%af%e0%a4%b6-by-nikunj-prem/